"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 17 सितम्बर 2010—भाद्र 26, शक 1932

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2010

क्रमांक ई-1-5/2006/1/2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 13-08-2010 द्वारा श्री भीम सिंह, भा.प्र.से. (2008 परिवीक्षाधीन) को लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में द्वितीय दौर के प्रशिक्षण की समाप्ति पर अनुविभागीय अधिकारी, सारंगढ़, जिला-रायगढ़ के पद पर पदस्थ किया गया था. उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए श्री भीम सिंह, भा.प्र.से. को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी, प्रतापपुर, जिला-सरगुजा के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. उपर्युक्त अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में द्वितीय दौर के प्रशिक्षण के बाद कार्यमुक्त होने पर, कार्य ग्रहण अवधि का लाभ उठाकर अपनी पदस्थापना के जिले में कार्यभार ग्रहण करेंगे.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2010

क्रमांक ई-1-9/2010/एक/2.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017/9/2005-एआईएस (I), दिनांक 5-9-2005 के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 6 (1) के अंतर्गत श्री संजय गर्ग, भा. प्र. से. (KL : 1994) की सेवायें छत्तीसगढ़ शासन को अंतर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति पर पांच वर्ष के लिये सौंपी गई थी. श्री गर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग में दिनांक 12-9-2005 (पूर्वान्ह) को कार्यभार ग्रहण किया गया है.

2. अतएव श्री संजय गर्ग, भा.प्र.से., की प्रतिनियुक्ति अवधि दिनांक 11-09-2010 को समाप्त होने के फलस्वरूप उनकी सेवायें पैतृक संवर्ग (केरल शासन) को दिनांक 11-09-2010 (अपरान्ह से) वापस लौटाई जाती हैं.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. जॉय उम्मेन, मुख्य सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 अगस्त 2010

क्रमांक/एफ 1/05/दो गृह/भापुसे/2005.— राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती नेहा चंपावत, भापुसे (2004), सहायक पुलिस महानिरीक्षक, अअवि., पुलिस मुख्यालय रायपुर को दिनांक 29-06-2010 से दिनांक 16-07-2010 तक कुल 18 दिवस के अर्जित अवकाश तथा दिनांक 17 एवं 18 जुलाई 2010 के शासकीय विज्ञप्त अवकाश का लाभ उठाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

2. श्रीमती नेहा चंपावत, भापुसे (2004), सहायक पुलिस महानिरीक्षक, अअवि., पुलिस मुख्यालय, रायपुर छ. ग. को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्रीमती नेहा चंपावत, भापुसे (2004), सहायक पुलिस महानिरीक्षक, अअवि., पुलिस मुख्यालय, रायपुर, छ.ग. के पद पर पदस्थ होंगी.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती नेहा चंपावत, भापुसे (2004), सहायक पुलिस महानिरीक्षक, अअवि., पुलिस मुख्यालय रायपुर छ.ग. अवकाश पर नहीं जाती तो कार्य करती रहतीं.

रायपुर, दिनांक 31 अगस्त 2010

क्रमांक/एफ 1/03/दो गृह/भापुसे/2001.— इस विभाग के आदेश समसंख्यक दिनांक 12-08-2010 द्वारा श्री अनिल एम. नवानी, भापुसे, (1978) का दिनांक 30-08-2010 से दिनांक 01-10-2010 तक कुल 33 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए दिनांक 29 अगस्त एवं 2-3 अक्टूबर का विज्ञप्त अवकाश स्वीकृत किया गया था. राज्य शासन एतद्द्वारा आदेश समसंख्यक दिनांक 12-08-2010 निरस्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एल. लिखार, अवर सचिव.

कृषि विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2010

क्रमांक/3130-A/एफ 12/28/2009/14-2.— छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्र. डी-15/13/90/14-3, भोपाल दिनांक 13-09-1991 द्वारा घोषित मण्डी प्रांगण चांपा, जिला जांजगीर-चांपा के मण्डी क्षेत्र के निम्नांकित स्थानों पर बने किसी संरचना, अहाता खुला स्थान या परिक्षेत्र को इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से उपमण्डी प्रांगण घोषित करती है, अर्थात् :—

स्थान

ग्राम शिवरीनारायण (प.ह.नं.-19) तहसील नवागढ़, जिला-जांजगीर-चांपा में स्थित खसरा नं. 723/1, क (K)/1 की लगभग 2.00 एकड़ राजस्व भूमि का क्षेत्र :—

सीमाएं

(1)	उत्तर में	-	मवेशी बाजार
(2)	दक्षिण में	-	महानदी
(3)	पूर्व में	-	आम वृक्ष का बगीचा (नगर पंचायत शिवरीनारायण के स्वामित्व में)
(4)	पश्चिम में	-	विश्राम गृह (लोक निर्माण विभाग)

No./3130-A/F-12/28/2009/14-2.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of section 5 of the Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby, declares that with effect from the date of its publication in the Official Gazette of this notification, the following places including any structure, enclosures open place or locality shall be sub-market yard in the market area of market yard, Champa District Janjgir-Champa declared vide departmental notification No./D-15/13/90/14-3, Bhopal dated 13-09-1991, namely :—

PLACE

An area of about 2.00 acres land of Revenue Khasara No. 723/1 K/1 at village Shivarinarayan (P.H.N.-19) in Nawagarh Tahsil of Janjgir Champa District surrounded by :—

BOUNDRIES

(1)	North side	-	Maveshi Bazar
(2)	South side	-	Mahanadi
(3)	East side	-	Mango Tree Garden (In owenership of Nagar Panchayat Shivarinarayan)
(4)	West side	-	Rest House (Public Works Department).

रायपुर, दिनांक 31 अगस्त 2010

क्रमांक/3182/एफ 12/32/2009/14-2.— छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, समसंख्यक विभागीय अधिसूचना क्रं. 8797/8249/14-1, भोपाल दिनांक 18-04-1968 के द्वारा चांपा, जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत घोषित मण्डी प्रांगण के मण्डी क्षेत्र में निम्नांकित

स्थानों में सम्मिलित किसी संरचना, अहाता खुला स्थान या परिक्षेत्र को उप-मण्डी (फल सब्जी) प्रांगण घोषित करती है, जो इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा, अर्थात् :—

स्थान

ग्राम खरमोरा (प.ह.नं.-05) तहसील कोरबा, जिला कोरबा में स्थित खसरा नं. 296/1, रकबा 21.91 में से 20 एकड़ भूमि का क्षेत्र :—

सीमाएं

(1)	उत्तर में	-	सड़क-खरमोरा से नगटीखार
(2)	दक्षिण में	-	निजी भूमि
(3)	पूर्व में	-	शासकीय अतिक्रमित भूमि
(4)	पश्चिम में	-	शासकीय भूमि के द्वारा परिवेष्टित

No./3182/F-12/32/2009/14-2.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of section 5 of the Chhattisgarh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby, declares that with effect from the date of its publication in the Official Gazette of this notification, the following places including any structure, enclosures open place or locality shall be sub-market yard (Fruit-Vegetable) in the market area of market yard of Champa, District Janjgir-Champa declared by vide departmental notification No. 8797/8249/14-1, Bhopal date 18-04-1968, namely :—

PLACE

An area of about 20.00 acres out of 21.91 acres land situated in Khasara No. 296/1 at village Kharmora (P.H.No.-05) in Korba Tahsil of Korba District surrounded by :—

BOUNDRIES

(1)	North side	-	Road Kharmora to Nagtikhar
(2)	South side	-	Private Land
(3)	East side	-	Encroched Government Land
(4)	West side	-	Government Land

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2010

क्रमांक एफ 1-17/2010/14-1.— श्री अनिल कुमार साहू (भा.व.से.-1990) वन संरक्षक एवं निदेशक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सेवायें वन विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए उन्हें, उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर के पद पर एतद्द्वारा पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. वर्मा, अवर सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2010

क्रमांक एफ 20-40/25-2/2008.— राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान का नवीन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग जिला मुख्यालय में खोलने की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. उक्त क्षेत्रीय कार्यालय के कर्तव्य, अधिकार एवं अधिकार क्षेत्र, पद संरचना, बजट प्रावधान तथा अन्य अनुषांगिक व्यवस्थाओं आदि के आदेश पृथक से जारी किये जावेंगे.

3. यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ.क्रमांक सी-23564/बी-3/चार/2010 दिनांक 17-8-2010 द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

परिवहन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2010

क्रमांक एफ 1-15/दो/आठ-परि./2005.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 2008 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में,—

नियम 13 के उप नियम (7) के पश्चात् निम्नलिखित पैरा अन्तःस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, 25-06-2010 से 24-06-2011 की कालावधि के दौरान परिवहन उप निरीक्षक एवं परिवहन आरक्षक की सीधी भर्ती के मामले में महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत होगा."

No. F 1-15/Two/Eight-Trans./2005.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the constitution of India. The Governor of Chhattisgarh, hereby makes the following further amendment to the Chhattisgarh Transport Department Sub-ordinate Class-III (Executive) Service Recruitment Rules, 2008, namely :—

AMENDMENT

In the said rules,—

After sub rules (7) of Rule 13, the following para shall be inserted, namely :—

"Notwithstanding anything contained in the Chhattisgarh Civil Service (special Provisions for Appointment of women), Rules, 1997, the reservation for women candidates in case of direct recruitment of Transport Sub-Inspector and Transport Constable during the period of 25-06-2010 to 24-06-2011 shall be 10 percent."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. के. शुक्ल, संयुक्त सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 10-20/2010/16.— असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 (क्र. 33 सन् 2008) की धारा 14 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :—**

(1) ये नियम छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा नियम, 2010 कहलाएंगे.

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं :—**

(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 (क्र. 33 सन् 2008);

(ख) "बोर्ड" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 6 के अधीन गठित छत्तीसगढ़ सामाजिक सुरक्षा बोर्ड;

(ग) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है, बोर्ड का अध्यक्ष;

(घ) "सदस्य" से अभिप्रेत है, बोर्ड का सदस्य;

(ङ) "धारा" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा;

(2) उन शब्दों और अभिव्यक्तियों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं क्रमश: वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिए समनुदेशित हैं.

3. **सदस्यों की पदावधि :—**

(1) पदेन सदस्य से भिन्न कोई सदस्य अपने नाम निर्देशन की तारीख से तीन वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए पद धारण करेगा.

(2) धारा 6 की उपधारा (2) के खंड (ग) के उपखंड (तीन) के अधीन नाम निर्देशित कोई सदस्य तब बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा यदि वह विधान सभा, जिसके द्वारा वह इस प्रकार निर्वाचित किया गया था, का सदस्य नहीं रह जाता.

(3) धारा 6 की उपधारा (2) के खंड (ग) के उपखंड (एक), (दो) एवं (चार) के अधीन नाम निर्देशित कोई सदस्य बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा यदि वह उस प्रवर्ग का जिससे वह इस प्रकार नाम निर्देशित किया गया था, का प्रतिनिधित्व नहीं करता है.

परन्तु उपखंड (एक) के अधीन नाम निर्देशित सात व्यक्तियों में एक सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के प्रवर्ग से प्रतिनिधित्व करने के लिए होगा.

(4) कोई सदस्य पुन: नाम निर्देशन के लिए पात्र होगा.

4. **त्यागपत्र :—**

(1) बोर्ड का कोई सदस्य जो पदेन सदस्य नहीं है, अध्यक्ष को संबोधित करते हुए लिखित में पत्र द्वारा अपने पद का त्याग कर सकेगा.

(2) ऐसे सदस्य का स्थान उस तारीख से जिसको उसका त्यागपत्र स्वीकार होता है या त्यागपत्र की सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिवस के अवसान पर, जो भी पूर्वत्तर हो, रिक्त होगा.

(3) सदस्य के त्यागपत्र को स्वीकार करने की शक्ति अध्यक्ष में निहित होगी, जो त्यागपत्र स्वीकार करने पर, बोर्ड को उसके अगले अधिवेशन में रिपोर्ट करेगा.

5. **पते में परिवर्तन :**—यदि कोई सदस्य अपने पते में परिवर्तन करता है तो वह अपना नया पता बोर्ड के सदस्य-सचिव को अधिसूचित करेगा जो तदुपरांत उसका नया पता शासकीय अभिलेख में दर्ज करेगा :

परन्तु यदि सदस्य अपना नया पता अधिसूचित करने में असफल रहता है तो शासकीय अभिलेख में पता सभी प्रयोजनों के लिए सदस्य का सही पता समझा जाएगा.

6. **रिक्त स्थानों को भरने की रीति :**—जब बोर्ड की सदस्यता में कोई रिक्ति होती है या होने की संभावना है तो अध्यक्ष, राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने पर राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, रिक्त स्थान को भरने के लिए किसी व्यक्ति को नाम निर्देशित कर सकेगा और इस प्रकार नाम निर्देशित व्यक्ति उस सदस्य की शेष पदावधि तक जिसके स्थान पर वह नाम निर्देशित किया जाता है, पद धारण करेगा.

7. **सदस्यों के भत्ते :**—

(1) बोर्ड के किसी शासकीय सदस्य का यात्रा भत्ता शासकीय कर्तव्य पर उसके द्वारा निर्वहन की गई यात्रा के लिए उसको लागू नियमों द्वारा शासित किया जाएगा और उसके वेतन का संदाय करने वाले प्राधिकारी द्वारा संदत्त किया जाएगा.

(2) बोर्ड के गैर शासकीय सदस्यों को बोर्ड के अधिवेशनों में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ता ऐसी दरों पर संदत्त किया जाएगा जो राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारियों को अनुज्ञेय है और दैनिक भत्ते की गणना, उनके संबंधित स्थानों में राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारियों को अनुज्ञेय अधिकतम दर पर की जाएगी.

8. **कारबार का निराकरण :**— ऐसा प्रत्येक विषय जिस पर बोर्ड द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है, बोर्ड के किसी अधिवेशन में या यदि अध्यक्ष ऐसा निर्देश दे कि प्रत्येक सदस्य को राय जानने के लिए आवश्यक कागजात भेजकर विचार किया जाएगा और उस विषय को बहुमत के विनिश्चय के अनुसार निराकृत किया जाएगा :

परन्तु जहां किसी विषय पर बहुमत नहीं है और बोर्ड के सदस्य समान रूप से विभाजित हैं, अध्यक्ष का मत द्वितीय और निर्णायक होगा.

स्पष्टीकरण :— उपरोक्त परंतुक के प्रयोजन के लिए शब्द "अध्यक्ष" के अंतर्गत अधिवेशन की अध्यक्षता करने के लिए नियम 9 के उपनियम (2) के अधीन नाम निर्देशित या चुना गया कोई व्यक्ति भी सम्मिलित होगा.

9. **अधिवेशन :**—

(1) बोर्ड का अधिवेशन ऐसे स्थानों और ऐसे समयों पर होगा जैसा कि अध्यक्ष द्वारा विनिश्चित किया जाए और यह अधिवेशन चार मास में कम से कम एक बार होगा.

(2) अध्यक्ष बोर्ड के प्रत्येक अधिवेशन की अध्यक्षता करेगा जिसमें वह उपस्थित हो और उसकी अनुपस्थिति में बोर्ड के किसी सदस्य को अपने स्थान पर ऐसे अधिवेशन की अध्यक्षता करने के लिए नाम निर्देशित कर सकेगा और अध्यक्ष द्वारा ऐसे नाम निर्देशित किये जाने के अभाव में ऐसे अधिवेशन में उपस्थित बोर्ड के सदस्य, अपने बीच में से किसी सदस्य को अधिवेशन की अध्यक्षता करने के लिए चुन सकेंगे.

10. **अधिवेशन की सूचना और कारबार की सूची :**—

(1) बोर्ड के सदस्यों को प्रस्तावित अधिवेशन की सामान्यतया दो सप्ताह की सूचना दी जाएगी :

परन्तु अध्यक्ष यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना समीचीन है तो ऐसे अधिवेशन के लिए एक मास से अनधिक की लंबी कालावधि की सूचना दे सकेगा.

(2) ऐसे कारबार को छोड़कर जो बोर्ड के अधिवेशन के लिए कारबार की सूची में सम्मिलित है अध्यक्ष की अनुज्ञा के बिना अधिवेशन में विचार नहीं किया जाएगा.

(3) अध्यक्ष, अत्यावश्यकता की दशा में, विचार-विमर्श की विषयवस्तु और अत्यावश्यकता के कारणों के बारे में सदस्यों को अग्रिम सूचना देने के पश्चात् किसी भी समय बोर्ड का विशेष अधिवेशन बुला सकेगा.

11. **गणपूर्ति :—**

(1) बोर्ड के किसी अधिवेशन में तब तक कोई कारबार का संव्यवहार नहीं किया जाएगा जब तक कि उस अधिवेशन में कम से कम छः सदस्य उपस्थित न हो जिसमें राज्य विधान सभा का कम से कम एक सदस्य सम्मिलित होगा :

परन्तु यदि किसी अधिवेशन में छः से कम सदस्य उपस्थित हैं तो अध्यक्ष, उपस्थित सदस्यों को सूचित करके और अन्य सदस्यों को सूचना देकर स्थगित अधिवेशन में कारबार का निपटारा करने के लिए किसी अन्य तारीख के लिए अधिवेशन को स्थगित कर सकेगा, चाहे गणपूर्ति हो या न हो और तदुपरांत उसके लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह स्थगित अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों की संख्या को ध्यान में लाए बिना कारबार का निपटारा करे.

(2) राज्य सरकार पदेन सदस्यों से भिन्न, किसी सदस्य को बोर्ड के अधिवेशन में भाग लेने से विवर्जित कर सकेगी यदि—

(क) वह अध्यक्ष को लिखित सूचना दिए बिना और उसकी सहमति के बिना बोर्ड के तीन लगातार अधिवेशनों में अनुपस्थित रहता है, या

(ख) राज्य सरकार की दृष्टि में ऐसा सदस्य उस हित का प्रतिनिधित्व नहीं करता है जिसके लिए वह बोर्ड में प्रतिनिधित्व करने के लिए तात्पर्यित है.

12. **असंगठित कर्मकार के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने की रीति :—** अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट आवेदन प्रारूप-1 में, जिला प्रशासन को किया जाएगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. कुंजाम, उप-सचिव.

प्रारूप-1
(नियम 13 देखें)

असंगठित कर्मकार का नाम :— . . . .

पिता/पति का नाम :— . . . .

व्यवसाय :— . . . .

वर्तमान पता :— . . . .

. . . .

स्थायी पता :— . . . .

. . . .

आश्रित :— . . . .

(क) पिता : . . . .

(ख) माता : . . . .

(ग) आश्रित बच्चे : . . . .

(घ) अन्य : . . . .

Raipur, the 12th August 2010

No. F 10-20/2010/16.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 14 of the Unorganised Workers' Social Security Act. 2008 (No. 33 of 2008), the State Government hereby, makes the following rules, namely :—

RULES

1. **Short title and commencement.—**

(1) These rules may be called the Chhattisgarh Unorganised Workers' Social Security Rules, 2010.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.—**

(1) In these rules, unless the context otherwise requires.—

(a) "Act" means the Unorganised Workers' Social Security Act, 2008 (No. 33 of 2008);

(b) "Board" means the Chhattisgarh Social Security Board constituted under Section 6 of the Act;

(c) "Chairperson" means the Chairperson of the Board;

(d) "Member" means a member of the Board;

(e) "Section" means a section of the Act.

(2) Words and expressions used and not defined in these rules but defined in the Act shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

3. **Term of office of Members.—**

(1) A member, other than an ex-officio member, shall hold office for a period not exceeding three years from the date of his nomination.

(2) A member nominated under sub-clause (iii) of clause (c) of sub-section (2) of Section 6 shall cease to be a member of the Board if he ceases to be a member of the Legislative Assembly by which he was so elected.

(3) A member nominated under sub-clause (i), (ii) and (iv) of clause (c) of sub-section (2) of Section 6 shall cease to be a member of the Board if he ceases to represent the category of interest from which he was so nominated :

Provided that out of seven persons nominated under sub-clause (i), one member each from the Scheduled Caste, the Scheduled Tribe, the Minorities and Women shall be represented.

(4) A member shall be eligible for re-nomination.

4. **Resignation.—**

(1) A member of the Board, not being an ex officio member, may resign his office by a letter in writing addressed to the Chairperson.

(2) The seat of such a member shall fall vacant from the date on which his resignation is accepted or on the expiry of thirty days from the date of receipt of intimation of resignation, whichever is earlier.

(3) The power to accept the resignation of a member shall vest in the Chairperson who, on accepting the resignation, shall report to the Board at its next meeting.

5. **Change of Address.**— If a member changes his address, he shall notify his new address to the Member-Secretary of the Board who shall thereupon enter his new address in the official records :

Provided that if a member fails to notify his new address, the address in the official records shall for all purposes be deemed to be the member's correct address.

6. **Manner of filling Vacancies.**— When a vacancy occurs or is likely to occur in the membership of the Board, the Chairperson shall submit a report to the State Government and on receipt of such report, the State Government may, by notification, nominate a person to fill the vacancy and the person so nominated shall hold office for the remainder of the term of office of the member in whose place he is nominated.

7. **Allowances of Members.**—

(1) The travelling allowance of an official member of the Board shall be governed by the rules applicable to him for journey performed by him on official duties and shall be paid by the authority paying his salary.

(2) The non-official members of the Board shall be paid travelling allowance for attending the meetings of the Board at such rates as are admissible to a Class-I Officer of the State Government and daily allowances shall be calculated at the maximum rate admissible to Class-I Officers of the State Government in their respective places.

8. **Disposal of business.**— Every matter which the Board is required to take into consideration shall be considered at a meeting of the Board, or if the Chaiperson so directs, by sending the necessary papers to every member for opinion, and the matter shall be disposed of in accordance with the decision of the majority :

Provided that where there is no opinion of majority on a matter and the members of the Board are equally divided, the Chairperson shall have a second or a casting vote.

Explanation :— The expression "Chairperson" for the purpose of the above proviso shall include a member nominated or chosen under sub-rule (2) of rule 9 to preside over a meeting.

9. **Meetings.**—

(1) The Board shall meet at such places and at such times as may be decided by the Chairperson and it shall meet atleast once in four months.

(2) The Chairperson shall preside over every meeting of the Board in which he is present and in his absence he may nominate a member of the Board to preside over such a meeting in his place and in the absence of such nomination by the Chairperson, the members of the Board present in such meeting may choose from amongst themselves a member to preside over the meeting.

10. **Notice of meetings and list of business.**—

(1) Ordinarily, two weeks notice shall be given to the members of the Board of a proposed meeting :

Provided that the Chairperson, if he is satisfied that it is expedient so to do, may give notice of longer period not exceeding one month for such meeting.

(2) No business except which is included in the list of business for a meeting of the Board shall be considered at the meeting without the permission of the Chairperson.

(3) The Chairperson may at any time call a special meeting of the Board in case of urgency, after informing the members in advance about the subject-matter of discussion and the reasons of urgency.

11. **Quorum.**—

(1) No business shall be transacted at any meeting of the Board unless at least six members are present in that meeting which shall include at least one member of State Legislative Assembly :

Provided that if at a meeting, less than six members are present, the Chairperson may adjourn the meeting to another date informing the members present and giving notice to the other memebrs

that he proposes to dispose of the business at the adjourned meeting whether there is prescribed quorum or not, and it shall thereupon be lawful for him to dispose of the business at the adjourned meeting irrespective of the number of members attending.

(2) The State Government may debar any member, other than ex-officio members, from taking part in the Meeting of the Board, if.—

(a) he absents himself from three consecutive meetings of the Board without written information to and consent of the Chairperson, or

(b) in the view of the State Government, such member has ceased to represent the interest which he purports to represent on the Board.

12. **Manner of making application for registration of unorganised worker.**—The application referred to in sub-section (2) of Section 10 of the Act shall be made in Form-I, to the District Administration.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
K. D. KUNJAM, Deputy Secretary.

FORM-I
(See rule 12)

Name of the unorganised worker : ....

Father's/Husband's name : ....

Occupation : ....

Present Address : ....
: ....
: ....

Permanent Address : ....
: ....
: ....

Dependents : ....

(a) Father : ....

(b) Mother : ....

(c) Dependent Children : ....

(d) Others : ....

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 10-24/2010/16.— भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 सहपठित छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम, 2008 के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अधिसूचना क्रमांक एफ 10-4/2010/16 में हितग्राहियों के लिए उल्लेखित योजनाओं में निम्नानुसार आंशिक संशोधन करती है :—

(1) **सामूहिक विवाह योजना :—**

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(ई) **भुगतान की प्रक्रिया :—**

(iv) हिताधिकारियों को दिए जाने वाले चेक निम्नांकित द्वारा हस्ताक्षरित किए जावेंगे :—

(क) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित है, सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा चेक हस्ताक्षरित होगा. साथ ही रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ जिले में उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के भी हस्ताक्षर चेक में होंगे.

(ख) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित हैं, किन्तु औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के कार्यालय नहीं हैं, उन जिलों में श्रम अधिकारियों के साथ-साथ कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ श्रम निरीक्षक हस्ताक्षर करेंगे.

(ग) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित नहीं है, जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिले के लिए पदस्थ श्रम निरीक्षक के हस्ताक्षर होंगे.

(2) **प्रसूति सहायता योजना :—**

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(ई) **भुगतान की प्रक्रिया :—**

(iv) हिताधिकारियों को दिए जाने वाले चेक निम्नांकित द्वारा हस्ताक्षरित किए जावेंगे :—

(क) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित है, सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा चेक हस्ताक्षरित होगा. साथ ही रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ जिले में उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के भी हस्ताक्षर चेक में होंगे.

(ख) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित हैं, किन्तु औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के कार्यालय नहीं हैं, उन जिलों में श्रम अधिकारियों के साथ-साथ कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ श्रम निरीक्षक हस्ताक्षर करेंगे.

(ग) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित नहीं है, जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिले के लिए पदस्थ श्रम निरीक्षक के हस्ताक्षर होंगे.

(3) **छात्रवृत्ति योजना :—**

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी.

(ई) **भुगतान की प्रक्रिया :—**

(iv) हिताधिकारियों को दिए जाने वाले चेक निम्नांकित द्वारा हस्ताक्षरित किए जावेंगे :—

(क) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित है, सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम

पदाधिकारी द्वारा चेक हस्ताक्षरित होगा. साथ ही रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ जिले में उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के भी हस्ताक्षर चेक में होंगे.

(ख) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित हैं, किन्तु औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के कार्यालय नहीं हैं, उन जिलों में श्रम अधिकारियों के साथ-साथ कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ श्रम निरीक्षक हस्ताक्षर करेंगे.

(ग) ऐसे जिले जहां पर श्रम कार्यालय स्थित नहीं है, जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिले के लिए पदस्थ श्रम निरीक्षक के हस्ताक्षर होंगे.

उपरोक्त संशोधन छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होंगी.

रायपुर, दिनांक 4 सितम्बर 2010

क्रमांक एफ 10-25/2010/16.— छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 1 उपधारा 4 में प्रदत्त अधिकारों को उपयोग करते हुए निम्नांकित तालिका में उल्लेखित स्थानों पर अधिनियम की धारा 1 उपधारा 3 के अनुसार अधिसूचना दिनांक से छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के समस्त उपबंध प्रभावशील होंगे :—

1. जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण नगर एवं नगर सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

2. दुर्ग जिले के बेमेतरा नगर पालिका एवं नगर पालिका सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

3. रायगढ़ जिले के खरसिया नगर पालिका एवं नगर पालिका सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

4. रायगढ़ ज़िले के सारंगढ़ नगर एवं नगर सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

5. जशपुर जिले के पत्थलगांव नगर एवं नगर सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

6. बस्तर जिले के कोण्डागांव नगर पालिका सीमा एवं नगर पालिका सीमा से पांच किलोमीटर तक का क्षेत्र.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. कुंजाम, उप-सचिव.

पशुधन विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 जून 2010

क्रमांक एफ 1-24/09/35/स्था.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) पशु चिकित्सा सेवा में भरती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.—**

(1) ये नियम छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) पशु चिकित्सा सेवा भर्ती नियम, 2009 कहलायेंगे.

(2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.—** इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, ऐसा प्राधिकारी जिसे शासन द्वारा सेवा या पद हेतु नियुक्ति करने के लिये नामांकित किया जाये,

(ख) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, अनुसूची-चार के कालम (5) में गठित यथाविनिर्दिष्ट विभागीय चयन/पदोन्नति समिति,

(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम 11 के अंतर्गत सेवा में भरती के लिये ली गई प्रतियोगिता परीक्षा,

(घ) "सरकार" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सरकार,

(ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल,

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची,

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति,

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद-342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति,

(झ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5-पच्चीस-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़ा वर्ग,

(ञ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) पशु चिकित्सा सेवा,

(ट) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य.

3. **विस्तार तथा लागू होना.—** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन.—** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलत: धारण कर रहे हों.

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों, और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.—** सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होगी.

परंतु सरकार, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में, समय-समय पर, स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

6. **भर्ती का तरीका.—**

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भरती, निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात् :—

(क) प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा या चयन से सीधी भर्ती द्वारा,

(ख) सेवा के सदस्यों, कि पदोन्नति द्वारा जैसा कि अनुसूची-चार के कालम (2) में दर्शित है,

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मौलिक हैसियत से धारण करते हों, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये.

(2) उप-नियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची-एक में यथा-विनिर्दिष्ट कर्त्तव्य पदों की संख्या के अनुसूची-दो में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुये, भरती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिये अपेक्षित सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनायी जाने वाली भरती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भरती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से निश्चित की जावेगी.

(4) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए, ऐसा करना अपेक्षित हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से, सेवा में भरती के उन तरीकों को छोड़ जिनको उक्त उप-नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जो वह इस संबंध में जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे.

(5) सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए शासन द्वारा मापदण्ड निर्धारित किये जायेंगे, तथापि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा एक चयन समिति गठित किया जाना चाहिये, जो इन मापदंडों के अलावा अन्य युक्ति संगत मापदंड शासन की सहमति से अपना सकेगा.

(6) भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू रहेंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति.**—इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जायेगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें.**— परीक्षा में प्रतियोगिता/चयन हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी, अर्थात् :—

(एक) आयु.—

(क) परीक्षा/चयन के प्रारंभ होने की तारीख के ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अभ्यर्थी ने अनुसूची-तीन के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो और उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का हो तो उच्चतर आयु सीमा में अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक की छूट दी जायेगी.

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों की भी उच्चतर आयु सीमा में अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक की छूट दी जायेगी.

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों या रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुये, उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जावेगी :—

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो छत्तीसगढ़ का स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए.

(दो) कार्यभारित कर्मचारियों, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में नियोजित व्यक्तियों सहित, ऐसे अभ्यर्थी जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहे हों तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए.

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी जो छटनी किया गया शासकीय सेवक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 (सात) वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं का योग हो, कम करने के लिए अनुज्ञात किया जावेगा, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :— शब्द "छटनी किये गये शासकीय सेवक" से द्योतक हैं, ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य की या किन्हीं भी संघटक इकाईयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छ: मास की कालावधि तक निरन्तर रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(चार) ऐसे अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

